Send by Massage board 5-10-18

IS 15700:2005

सेवोत्तम प्रमाणित

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

**वास्तुकला एवं नियोजन इकाई–पंचम गाजियाबाद**

**(कैम्प कार्यालय लखनऊ)**

**नीलगिरी काम्पलेक्स,इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016**

भारतीय मानक ब्यूरो IS SQMS

पत्र सं0– 130 / वा0नि0–5 / P.M.A.Y./Sec-19 / दिनांक– 28.8.18

84
Y-7
1694
28-12-18

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–38,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
सेकटर–8 मण्डोला विहार,
दिल्ली सहारनपुर रोड,
मण्डोला, गाजियाबाद।

विषयः–**परिषद की मण्डोला विहार योजना, गाजियाबाद के सेक्टर–19 में प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) के अन्तर्गत प्रस्वावित भवनों के अनुमोदित ले–आउट प्लान के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत भवन निर्माण के संबन्ध में अपर आवास आयुक्त(म0) के पत्र संख्या–14/अभियन्त्रण अनुभाग/अ0 आवास आयुक्त कैम्प दिनांक–18.07.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद को जिलावार प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित किये जाने वाले ई0डब्लू0एस0 फ्लैटों/भवनों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके अनुक्रम में अधीक्षण अभियन्ता, (मण्डोला वृत्त) के द्वारा अपने पत्रांक संख्या–मीमो/पी.एम.ए.वाई./2018 दिनांक–01.08.2018 के माध्यम से 6000 नग भवनों के ले–आउट प्लान हेतु सेक्टर–19, मण्डोला विहार योजना, गाजियाबाद में भूमि का सर्वे सहित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रस्ताव के क्रम में इस कार्यालय द्वारा ले–आउट/प्रस्ताव पर आपके द्वारा पत्र संख्या–1063/यू.पी.एच.डी.बी./नि.ख.–38/वाई–7/38 दिनांक–24.08.2018 के द्वारा आंशिक संशोधनों सहित प्रेषित की गई।

तदनुसार अधिक्षण अभियन्ता, मण्डोला वृत्त के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव एवं खण्ड कार्यालय द्वारा प्रेषित फिजिबिलिटी के सापेक्ष इस कार्यालय द्वारा ले–आउट प्लान को अन्तिम स्वरूप प्रदान कर आवास आयुक्त(म0) द्वारा निम्न प्राविधान सहित दिनांक–28.08.2018 को अनुमोदित किया गया। **"प्रधानमंत्री आवास योजना के अर्न्तगत परिषद को दिये गये निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उक्त योजना में भवनों के निर्माण से पूर्व डिमाण्ड सर्वे कराया जाना होगा।"**

उपरोक्तानुसार अनुमोदित ले–आउट आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय
28/8/18
(अजीत कुमार दुबे)
वास्तुविद नियोजक

पृ0 सं0– 130 / वा0नि0–5 / / दिनांक– 28.8.18

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, 104 महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ ।
2. संयुक्त आवास आयुक्त(मेरठ जोन), उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, शास्त्री नगर मेरठ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डोला वृत्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, मण्डोला, गाजियाबाद।
4. प्रभारी अधिकारी पी.एम.ए.वाई., पी.एम.ए.वाई प्रकोष्ठ, (अभियन्त्रण अनुभाग), 104 महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ

AE D/II/Y को आवश्यक कार्यवाही हेतु

28/8/18
वास्तुविद नियोजक